पत्र संख्या–स्था0–सेण्ट्रल डिस्पैच सामान्य/2021–22/ 14 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(स्थापना–अराजपत्रित)

लखनऊ :: दिनांक :: 22 जून, 2021

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर (उच्च न्यायालय कार्य) प्रयागराज,
एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–2 (उच्च न्यायालय कार्य) लखनऊ,
ज्वाइण्ट कमिश्नर (सर्वोच्च न्यायालय कार्य) गाजियाबाद।

कृपया मुख्यालय के पत्र संख्या–01 दिनांक 27.04.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत विभागीय डाक को आदान–प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में प्रत्येक जोनल कार्यालय (लखनऊ जोन कार्यालय को छोड़कर) से माह के दूसरे सप्ताह में विभिन्न दिनों में अलग–अलग जोनों से मुख्यालय डाक प्राप्त कराने हेतु निर्देश जारी किये गये थे।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कोविड–19 के दृष्टिगत मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के आदेश संख्या–1054/11/2021–सीएक्स–3 दिनांक 19.06.2021 के प्रस्तर–2 के अनुसार सरकारी विभागों में कोविड–19 प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूर्ण उपस्थिति रहेगी एवं कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना की अनिवार्यता होगी।

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि विभागीय डाक व्यवस्था का कार्य कोविड से पूर्व सप्ताह में दो बार (प्रत्येक सोमवार व गुरूवार) पत्र वाहक के माध्यम से मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही पत्र वाहकों को भी अपने स्तर से निर्देशित कर दें कि कोविड–19 के दृष्टिगत शासन के निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित करेंगे।

(सूर्यमणि लालचन्द्र)
एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन)
वाणिज्य कर, उ0प्र0।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नांकि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी, कमिश्नर कैम्प, वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
2. अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।
3. समस्त अनुभाग अधिकारी, वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
4. ज्वाइण्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. प्रभारी, सेण्ट्रल डिस्पैच, वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।

(पी0एन0 यादव)
ज्वाइण्ट कमिश्नर (स्था0–अराज0)
वाणिज्य कर मुख्यालय, उ0प्र0।